चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / प्रयो0 / 630
दिनांक : 21.6.22

अति आवश्यक / शीर्ष प्राथमिकता
विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1707 दिनांक 21.12.2021, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1723 दिनांक 30.12.2021, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 08 दिनांक 06.01.2022, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 186 दिनांक 26.02.2022, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 340, दिनांक 22.04.2022 एवं विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 532, दिनांक 31.05.2022 द्वारा प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक (राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त पोषित संस्थान / महाविद्यालय) से समस्त परामपरागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 की आन्तरिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षायें सम्पन्न कराकर अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किये जाने की अपेक्षा की गयी थी किन्तु निम्नलिखित महाविद्यालयों / संस्थानों जिनके कॉलेज कोड अंकित किये गये हैं, ने अद्यतन आन्तरिक / प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं :– 002, 003, 004, 019, 050, 054, 058, 063, 071, 086, 091, 1003, 1010, 1013, 1021, 1040, 1050, 107, 1110, 1131, 119, 1222, 142, 147, 167, 178, 180, 203, 225, 239, 250, 324, 340, 351, 386, 438, 445, 612, 641, 663, 664, 683, 686, 697, 801, 805, 811, 818, 825, 833, 853, 866, 935, 953, 979, C34।

उल्लेखनीय है कि सम सेमेस्टर जून–2022 की परीक्षायें शीघ्र ही प्रारम्भ होने वाली हैं, उससे पूर्व विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 का परीक्षाफल पूर्ण किया जाना है। उक्त विज्ञप्तियां जारी किये जाने के बावजूद भी उक्त महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा वांछित अंक पोर्टल पर अपलोड न किया जाना चिंता का विषय है। उच्च शिक्षण संस्थाओं से किसी भी दशा में इस प्रकार की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

अतः उक्त महाविद्यालयों / संस्थानों से निवेदन है कि आन्तरिक परीक्षाओं एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से प्रत्येक दशा में 03 कार्य दिवसों में पोर्टल पर अपलोड कर परम्परागत पाठ्यक्रमों के अंकपर्णो की दो प्रतियॉ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंकपर्णों की दो प्रतियाँ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) व्यावसायिक पाठ्यक्रम विभाग (कमरा नं0–308) में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि इन महाविद्यालयों / संस्थानों का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।

21/06/2022
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति–कुलपति को मा0 प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, वेब साईट / कम्प्यूटर सेल / परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
5. आउट सोर्स कम्पनी (मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी / सहा0 कार्यालय अधीक्षक व्या0पाठ्य0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/655